समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# दिल्ली मे कंब से होगी बारिश ? मौसम विभाग ने जारी किया ताजा अलर्ट, हवा की गुणवत्ता भी बेहतर।

Publisher

Published on 04 Jul 2025



## दिल्ली मे कंब से होगी बारिश ? मौसम विभाग ने जारी किया ताजा अलर्ट, हवा की गुणवत्ता भी बेहतर।

**दिल्ली मौसम अपडेट :** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में **मानसून** का असर अभी पूरी तरह से नहीं दिखा है, लेकिन **मौसम विभाग** ने आने वाले दिनों में **आंधी** और **बारिश की संभावना** जताई है। गुरुवार को **दिल्ली मे अधिकतम तापमान 36.9 डिग्री सेल्सियस** दर्ज किया गया, जो सामान्य से **0.8 डिग्री** कम रहा। वहीं **न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस** रहा।

**मौसम विभाग का ताजा अपडेट**

**भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD)** के मुताबिक, आज (4 जुलाई) **दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों मे आंधी-तूफान** के साथ हल्की से मध्यम **बारिश** हो सकती है। विभाग ने **3 जुलाई से 7 जुलाई** के बीच हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान जताया है, जिससे लोगों को चिपचिपी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

**कितना रह सकता है तापमान ?**

**IMD** का अनुमान है कि **अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस** और **न्यूनतम तापमान 27 डिग्री** के आसपास बना रह सकता है। बीते दिन शाम साढ़े पांच बजे **राजधानी मे सापेक्षिक आर्द्रता 61** प्रतिशत रही, जिससे उमस का असर महसूस किया गया।

**हवा की गुणवत्ता फिलहाल संतोषजनक**

**दिल्ली की वायु गुणवत्ता** में भी सुधार देखा गया है। **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)** के अनुसार, गुरुवार शाम 4 बजे

दिल्ली का एयर **क्वालिटी इंडेक्स (AQI) 72** दर्ज किया गया, जो '**संतोषजनक**' श्रेणी में आता है।

**AQI लेवल क्या कहता है**?

१. **0 से 50: अच्छा**
२. **51 से 100: संतोषजनक**
३. **101 से 200: मध्यम**
४. **201 से 300: खराब**
५. **301 से 400: बहुत खराब**
६. **401 से 500: गंभीर**

**मौसम विभाग** और **CPCB के आंकड़ों** के अनुसार, फिलहाल दिल्लीवासियों को हवा की गुणवत्ता के लिहाज से राहत मिल रही है, लेकिन बारिश के दौरान अचानक **मौसम बदल** सकता है, ऐसे में सतर्क रहना जरूरी है।

दिल्ली में अगले कुछ दिनों में **हल्की बारिश** और **आंधी** के चलते तापमान में गिरावट आ सकती है। साथ ही बेहतर हवा की गुणवत्ता से लोगों को सांस लेने में राहत मिलेगी। मौसम के **उतार-चढ़ाव** को देखते हुए दिल्लीवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.